# भारतीय सुरक्षा संग्रहालय का उद्घाटन



गंगरार, 24 मार्च (जसं.) । मेवाड़ विश्वविद्यालय में भारतीय सुरक्षा संग्रहालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा व कुलसचिव डॉ. आर राजा द्वारा विश्वविद्यालय के तृतीय तल भारतीय सुरक्षा संग्रहालय का विधिवत पूजन किया व सैनिकों को सलामी दी।

फाइन आर्ट विभाग की डीन डॉ. चित्रलेखा सिंह ने बताया कि संग्रहालय में भारतीय सेना की जल, थल और वायु सेनाओं को सम्मिलित किया गया है। इसमें भारतीय सेना के इतिहास उन जांबाज सैनिकों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा ने देश की तीनों सेनाओं, उनके पदक व प्रमुख पदाधिकारियों के जीवन के बारे में जानकारी दी साथ ही कहा कि यह संग्रहालय विद्यार्थियों के लिए देश के प्रति समर्पण भाव को बढ़ाएगा जिससे विद्यार्थी देश सेवा के लिए प्रेरित होंगे। कुलसचिव डॉ. राजा ने कहा कि देश के लिए मर मिटने वाले शहीद सैनिकों के लिए संग्रहालय उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# भारतीय सुरक्षा संग्रहालय का शुभारंभ



गंगरार। शनिवार को मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा व कुलसचिव डॉ आर. राजा द्वारा भारतीय सुरक्षा संग्रहालय का शुभारंभ किया। फाइन आर्ट विभाग की डीन डॉ. चित्रलेखा सिंह ने बताया कि संग्रहालय में जल, थल और वायु सेना के इतिहास उन जांबाज सैनिकों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि यह संग्रहालय विद्यार्थियों के लिए देश के प्रति समर्पण जज्बे को बढ़ाएगा और इनकी जानकारी से वह देश सेवा के लिए प्रेरित होंगे। फाइन आर्ट के ब्रांड मैनेजर अमित कुमार चेचानी ने बताया कि संग्रहण के कार्य में मंसूरी सिद्दीकी का विशेष सहयोग रहेगा।

Dainik Navajyoti 26-03-2023

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में भारतीय सुरक्षा संग्रहालय का उद्घाटन

**चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)।** मेवाड़ विश्वविद्यालय में शनिवार को भारतीय सुरक्षा संग्रहालय का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आलोक मिश्रा व कुलसचिव डॉ आर. राजा द्वारा संग्रहालय का विधिवत पूजन किया व सैनिकों को सलामी दी। फाइन आर्ट विभाग की डीन डॉ. चित्रलेखा सिंह ने बताया कि संग्रहालय में भारतीय सेना की जल, थल और वायु सेनाओं को सम्मिलित किया गया है। जानकारी के संग्रहण के कार्य में मंसूरी सिद्दीकी का विशेष सहयोग रहेगा। इस अवसर पर ललित कला, ज्योतिष व योग विभाग के दाधिकारी, प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Pratahkal 26-03-2023